>

Title: Need to set up Centrally Sponsored Surveillance Committees with local MPs as members to monitor the programme of Centrally Sponsored Schemes.

डॉ. संजय सिंह (सुल्तानपुर): देश के क्षेत्रीय विकास एवं लोगों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अनेक केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिस पर अरबों रूपये खर्च हो रहा है। कई क्षेत्रों में केन्द्र प्रायोजित योजना के कार्यक्रम की सूचना स्थानीय सांसद को नहीं मिल पाती है। जिसके कारण लोगों के विकास के लिए जो काम होने चाहिए और विकास कार्य के लिए जिन कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, वे नहीं हो पाते है क्योंकि स्थानीय सांसदों को इन केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रमों को सही ढंग से करवाने एवं उनके अच्छे परिणाम प्राप्त करने में स्थानीय सांसदों की कोई भूमिका नहीं है। सांसद केवल सदन में प्रश्न उठाकर एवं शिकायत करके अपनी भूमिका निभाते हैं, जिन पर कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है। विकास कार्य एवं लोगों के कल्याण संबंधी केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रमों में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए आवश्यक है कि ग्रामीण विकास संबंधी निगरानी कमेटी की तर्ज पर केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रम में निगरानी कमेटी बनाकर स्थानीय सांसदों की भूमिका निभाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें।

सदन के माध्यम से अनुरोध हे कि केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रम के अच्छे परिणाम के लिए केन्द्र प्रायोजित निगरानी कमेटी बनाकर उसमें ग्रामीण विकास संबंधी निगरानी कमेटी की तर्ज पर स्थानीय सांसदों को निगरानी करने हेतु मौका दिया जाये।